**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**18.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि विद्यालयों के विलय के दृष्टिगत सरप्लस मिड–डे मील कार्यकर्ताओं को समीपवर्ती स्कूलों में समायोजित किया जाएगा और उनकी सेवाओं को समाप्त नहीं किया जाएगा। शिमला में शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वर्तमान शिक्षा प्रणाली में क्रान्तिकारी बदलाव ला रही है और शिक्षण संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकारी स्कूलों का विलय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद और जिला शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा व प्रशिक्षण प्रदान करना है।

## कृषि मंत्री

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। सोलन जिले के अर्की में 3 दिवसीय राज्यस्तरीय सायरोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या मे बतौर मुख्य अतिथि मेले की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार बाजार में प्राकृतिक खेती उत्पादो के लिए अलग व्यवस्था सुनिश्चित बनाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों से खाद की खरीद करने का निर्णय लिया है जिससे किसानों की आय के साधन सुनिश्चित होंगे। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के दाड़लाघाट में करीब 4 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान की आधारशीला भी रखी। चंद्र कुमार ने विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया और खेल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस दौरान स्थानीय विधायक और सीपीएस संजय अवस्थी ने भी अपने विचार रखें।

## सुप्रीम कोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश राजीव शकधर हिमाचल हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर 18 अक्तूबर 2024 को सेवानिवृत होंगे। इन्हें 11 जुलाई को सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। इस सिफारिश पर फिलहाल केंद्र सरकार ने अबतक निर्णय नहीं लिया है। अब सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने जस्टिस राजीव शकधर की नियुक्ति को बरकरार रखने की सिफारिश के साथ ही उनकी सेवानिवृति के बाद पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के बरिष्ठतम न्यायाधीश जी.एस. संधावालिया को प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने की सिफारिश की है। न्यायाधीश राजीव शकधर प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य

न्यायाधीश रामचंद्र राव की जगह लेंगे। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव को झारखंड हाईकोर्ट स्थानातरित करने की सिफारिश की गई है।

**हर्षमहाजन**

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा है कि वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में हिमाचल में सारी व्यवस्थाएं ठप्प हो गई है और विकास कार्य बंद पड़ गए है। चंबा जिला के दौर के दौरान पार्टी के मंडल कार्यक्रमो में शिरकत करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निराशाजनक कार्यकाल मे कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिला है और अन्य लाभ भी लंबित पड़े हैं।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई स्थानों पर बीती रात भारी बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान 6 जिलों कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला सोलन और सिरमौर में कही–कही पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में अभी भी बारिश व भू–स्खलन से करीब 50 सडकों पर वाहनों की आवाजाही बहाल नही हो पाई है, जबकि 47 ट्रांस्फार्मर अभी भी ठप्प पड़े हैं। मौसम विभाग की माने तो इस महीने के अंत तक मॉनसून के विदा होने की संभावना है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से................

अमर उजाला की सुर्खी है–**मर्ज स्कूलों के मिड–डे–मील कर्मी होंगे समायोजित।** पंजाब केसरी के शब्द है–मिड–डे–मील कर्मियों की सेवाएं नहीं होंगी समाप्त। दैनिक जागरण व दिव्य हिमाचल का एक जैसा ही शीर्षक है–**मर्ज किए स्कूलों के मिड–डे–मील वर्करों की नही जाएगी नौकरी।** आपका फैसला का कहना है–**शैक्षिक अनुसंधान व डाईट संस्थानों का होगा पुनर्गठन।**

प्रदेश उच्च न्यायालय ने अतिंम रूप ले चुके अदालती फैसलों को लागू न करने पर सरकार के आला अधिकारियों के खिलाफ कड़ी टिप्पणी से जुड़ी खबर को **दैनिक भास्कर ने** सुर्खी दी है–**दो हफतों में सभी आदेशों की अनुपालना हो अन्यथा कोर्ट के पास कठोर उपाय का भी विकल्प।**

———————————